# आकाशवाणी शिमला
## 15.11.2025 / प्रादेशिक समाचार

### मुख्य समाचार

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बिहार विधानसभा चुनाव में मिली जीत को विकास की राजनीति के लिए जनादेश बताया।
- चिट्टे के खिलाफ जागरूकता अभियान शुरू करेगी राज्य सरकार–मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू शिमला से करेंगे अभियान का शुभारंभ।
- केंद्र सरकार की पीएम केयर्स फॉर चिल्ड्रन योजना अनाथ बच्चों के लिए बनी मददगार।

  और
- देश भर में स्वतंत्रता सेनानी भगवान बिरसा मुंडा की जयंती पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन।

### बिहार परिणाम

बिहार विधानसभा चुनाव में सत्तारूढ़ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन–एन.डी.ए. ने 202 सीटें जीतकर प्रचंड बहुमत हासिल कर लिया है। भारतीय निर्वाचन आयोग ने सभी 2 सौ 43 सीटों के नतीजे कल रात घोषित कर दिए। भारतीय जनता पार्टी 89 सीटें जीतकर सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी। उसके सहयोगी और जनता दल (यूनाइटेड) ने 85 सीटें जीतीं जबकि कांग्रेस को छह सीटें मिली हैं। इन चुनाव परिणामों पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि बिहार विधानसभा चुनावों में मिली जीत विकास की राजनीति के लिए एक जनादेश है। उन्होंने कहा कि बिहार के लोगों ने भाई–भतीजावाद की राजनीति का बहिष्कार किया है।

### चिटटा वाकाथॉन

प्रदेश सरकार राज्य में चिट्टे के खिलाफ एक जागरूकता अभियान शुरू कर रही है जो आगामी तीन माह तक व्यापक स्तर पर आयोजित किया जाएगा। मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू आज शिमला से इस अभियान का शुभारम्भ करेंगे। विस्तृत ब्यौरे के साथ हमारे शिमला जिला संवाददाता–––

इस बीच राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने प्रदेशवासियों से चिट्टा के विरूद्ध जागरूकता अभियान में शामिल होकर नशामुक्त हिमाचल के निर्माण में अपना योगदान देने का आह्वान किया है।

### पीएम केयर्स

केंद्र सरकार विभिन्न योजनाओं के माध्यम से समाज के हर वर्ग को लाभान्वित करने के लिए प्रयासरत है। इसी तरह प्रधानमंत्री केयर्स फॉर चिल्ड्रन योजना कोविड–19 महामारी के दौरान अपने माता–पिता खो चुके बच्चों के लिए मददगार बनी है। ऊना जिला के चार अनाथ बच्चों को योजना के तहत 20 हजार रूपए प्रति वर्ष दिए जा रहे हैं।

### जनजातीय गौरव दिवस

देशभर में आज स्वतंत्रता सेनानी और जनजातीय नेता भगवान बिरसा मुंडा की जयंती के उपलक्ष्य में जनजातीय गौरव दिवस मनाया जा रहा है। केंद्र सरकार ने जनजातीय इतिहास को जीवित रखने के लिए 15 नवंबर को जनजातीय गौरव दिवस घोषित किया है। इस उपलक्ष्य पर विभिन्न मंत्रालयों और राज्यों में सांस्कृतिक कार्यक्रमों, प्रदर्शनियों और शैक्षिक गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। केन्द्र सरकार ने जनजातीय स्वतंत्रता सेनानियों को समर्पित संग्रहालयों और स्मारकों के विकास पर निरंतर बल दिया है। इधर हिमाचल प्रदेश में भाजपा जनजाति मोर्चा द्वारा भगवान बिरसा मुंडा की जयंती के अवसर पर सभी ज़िलों में आज भव्य सम्मेलन आयोजित किए जा रहे हैं। इस दौरान भगवान बिरसा मुंडा

के जीवन, संघर्ष और आदिवासी समाज के लिए उनके द्वारा किए गए कार्यों पर प्रकाश डाला जाएगा। राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर देश की स्वतंत्रता के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले क्रांति सूर्य भगवान बिरसा मुंडा को जयंती पर नमन किया है।

**आईआईटीएफ**

44वां भारतीय अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेला नई दिल्ली के भारत मंडपम में शुरू हो गया है। वाणिज्य और उद्योग राज्यमंत्री जितिन प्रसाद ने मेले का उद्घाटन किया। इस वर्ष मेले का विषय एक भारत–श्रेष्ठ भारत है। उद्घाटन समारोह में जितिन प्रसाद ने कहा कि आईआईटीएफ भारत के विकास, नवाचार और एक विकसित व आत्मनिर्भर भविष्य की राष्ट्र की आकांक्षा को दर्शाता है।

इस आयोजन में 12 देशों के अलावा लगभग 30 राज्य व केंद्र शासित प्रदेश और 60 से अधिक मंत्रालय इस आयोजन में भाग ले रहे हैं। व्यापार मेले में हिमाचल पैविलियन भी स्थापित किया गया है। पैविलियन में हिमाचली हस्तशिल्प और हथकरघा उत्पाद, जड़ी बूटियां, फल व विभिन्न स्वयं सहायता समूहों द्वारा तैयार उत्पादों के 16 स्टॉल स्थापित किए गए हैं।

**मौसम**

प्रदेश में साफ मौसम के बावजूद कई स्थानों में न्यूनतम तापमान शून्य से नीचे दर्ज किया जा रहा है। बीते 24 घण्टों के दौरान प्रदेश के 25 से अधिक स्थानों में न्यूनतम तापमान 10 डिग्री से नीचे दर्ज किया गया है। लाहौल स्पिति के ताबो में सबसे कम तापमान माइनस 5 दशमलव 3 डिग्री सेल्सियस रहा। मौसम विभाग ने आगामी एक सप्ताह तक प्रदेश में मौसम के साफ बने रहने की संभावना जताई है।

**सुर्खियां समाचार पत्रों से ........**

आज समाचार पत्रों ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के बयान को प्रमुखता दी है। **अमर उजाला** के शब्द हैं **मेडिकल कॉलेजों में बढ़ेगा स्टाफ, चमियाना आई जी एम सी में होंगे एम्स स्तर के उपकरण। पंजाब केसरी** ने लिखा है **सरकार को नैतिकता का पाठ न पढ़ाएं भाजपा, सोलन और चंबा में देखें क्या हो रहा। दैनिक भास्कर** ने बकौल मुख्यमंत्री लिखा है **बेटी पढ़ाओ सिर्फ नारा नहीं, यह मेरा निजी मिशन, उन्हें मिलेगी उत्तम शिक्षा।**

पंचायत चुनाव से जुड़ी खबर को **दैनिक जागरण** ने शीर्षक दिया है **3 हजार 5 सौ 48 पंचायतों व 70 शहरी निकायों की मतदाता सूची तैयार, 55 लाख 19 हजार 709 मतदाता।**

**अगले हफते से प्रचंड होगी ठंड** शीर्षक से **दिव्य हिमाचल** ने लिखा है प्रदेश के 27 शहरों का पारा दस डिग्री से नीचे, अभी छह दिन साफ रहेगा मौसम।